आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 23.12.2024 समय : 1905

- केंद्र सरकार ने पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने वाली नीति खत्म कर दी है।
- भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने अपनी पहुंच और लोगों तक संपर्क को व्यापक बनाने के लिए एक नई वेबसाइट की शुरुआत की है।
- प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत कैम्पबेल बे में आज कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- ज़िला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए सात हजार से अधिक वर्ग मीटर सरकारी ज़मीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया।
- डीब्रेट के छात्र परिषद की ओर से करियर मार्गदर्शी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार ने पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने वाली नीति खत्म कर दी है। शिक्षा सचिव संजय कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को दो महीने के भीतर दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा। दोबारा परीक्षा के बाद अगर वे फिर से फेल होते हैं, तो उन्हें अगली कक्षा में प्रोन्नत नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन विद्यार्थियों को उनकी प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक स्कूल से नहीं निकाला जाएगा। सचिव ने बताया कि यह फैसला बच्चों में सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए लिया गया है।

<><><><><><><>

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने अपनी पहुंच और लोगों तक संपर्क को व्यापक बनाने के लिए एक नई वेबसाइट की शुरुआत की है। सोशल मीडिया के बढ़ते महत्व को देखते हुए, इस वेबसाइट की नई साझाकरण सुविधाएं सभी हितधारकों तक विनियामक जानकारी के प्रसार को सुगम बनाती हैं। नई वेबसाइट देश में दूरसंचार और प्रसारण विनियमों, नीतियों, कानूनों, सांख्यिकी और रुझानों पर व्यापक जानकारी प्रदान करती है। नई वेबसाइट एन आई सी क्लाउड में उपलब्ध है। नई वेबसाइट उपयोग में आने के बाद पुरानी वेबसाइट के साथ तीन महीने तक काम करेगी।

<><><><><><>

प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत कैम्पबेल बे के योगिन्दर नगर के सामुदायिक हॉल में आज कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी शेखर रॉय और क्षेत्र के प्रधान प्रहलाद सिंह उपस्थित रहे। बैठक में सड़क, बिजली और परिवहन से जुड़े मुद्दों को उठाया गया। स्थानीय प्रशासन ने उठाए गए मुद्दों को सुलझाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों के अलावा ग्रामीणों ने भी भाग लिया।

<><><><><><>

हरिनगर ग्राम पंचायत में हाल ही में आयोजित ग्राम सभा बैठक में पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों और संबंधित विभागों के समक्ष उठाए गए मुद्दों के मद्देनजर स्थानीय निवासियों ने मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त को राष्ट्रीय राजमार्ग के मरम्मत कार्य के संबंध में अनुरोध किया है। अपने पत्र में उन्होंने सड़क की खस्ता हालत के चलते आम जनता को हो रही असुविधा, भू–स्खलन और सड़क के किनारे पाईप लाईनों के खराबी के कारण पानी की कमी से ज़िला उपायुक्त को अवगत कराया है। उन्होंने ज़िला उपायुक्त को इस संबंध में हस्तक्षेप कर जल्द से जल्द इन मुद्दों को सुलझाने का अनुरोध किया है।

<><><><><><>

द्वीप पर्यटन उत्सव सत्ताईस से इक्कतीस दिसम्बर तक मनाया जाएगा। उत्सव के एक भाग के रूप में स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा तीस दिसम्बर को सुबह साढ़े नौ बजे से प्रदर्शनी मैदान में स्वस्थ बेबी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता एक से दो वर्ष, दो से तीन वर्ष और तीन से पांच वर्ष आयु वर्ग की तीन श्रेणियों में आयोजित की जाएगी। तीस दिसम्बर को ही बच्चों का पंजीकरण सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े दस बजे के बीच किया जाएगा। जरूरी दस्तावेजों के साथ अभिभावकों को प्रतियोगिता में शामिल होने को कहा गया है। प्रतियोगिता दोपहर बारह बजे से एक बजे के बीच होगा और इसी दिन विजेताओं में पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

उधर, राजभाषा विभाग की ओर से तीस दिसम्बर को शाम छः बजे से प्रदर्शनी मैदान में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यभूमि से आए हास्य कवि राजेश 'चेतन', राजेश अग्रवाल, सुदीप 'भोला', मोनिका 'देहलवी', उपेन्द्र पांडे और चेतन 'चर्चित' अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे ।

<><><><><><>

ज़िला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए सरकारी ज़मीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया है। इस सिलसिले में हाल ही में ब्रुक्शाबाद में अनाधिकृत बाड़ को हटा कर चार हजार वर्ग मीटर सरकारी भूमि को मुक्त कराया गया। इसी प्रकार एक अन्य अभियान के तहत

ऑस्टिनाबाद में चार सौ वर्ग मीटर और स्कूल लाइन में तीन सौ वर्ग मीटर सरकारी भूमि को खाली कराया गया। टेलराबाद में सड़क किनारे सब्जी की गुमटियों के अलावा चार सौ वर्ग मीटर, कार्बाइंस कोव और दूध लाइन में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार सौ वर्ग मीटर बाड़ को हटाया गया। कुल मिलाकर, सात हजार आठ सौ वर्ग मीटर सरकारी भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया।

<><><><><><><>

डीब्रेट के छात्र परिषद की ओर से करियर मार्गदर्शी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों के छात्रों को उनकी क्षमता के अनुसार विविध करियर विकल्पों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और चुनौतियों का सामना करने के लिए उन्हें सशक्त बनाना है। इस पहल के माध्यम से, छात्रों को उनके हितों और योग्यताओं के अनुरूप करियर की पहचान करने, उच्च शिक्षा के लिए सही कॉलेज चुनने और उनके चुने हुए क्षेत्रों में नौकरी के अवसरों की खोज करने के लिए मार्गदर्शन करना है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए सुनिश्चित किया गया कि उन्हें उचित मार्गदर्शन और सहायता मिले। यह समग्र दृष्टिकोण न केवल छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है, बल्कि उन्हें स्पष्टता और आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य में आगे बढ़ने के लिए सामग्री भी प्रदान करता है। इस सिलसिले में डीब्रेट के छात्रों ने डिगलीपुर और श्री विजयपुरम के कई स्कूलों का दौरा किया। इस पहल से तीन सौ से अधिक छात्र लाभान्वित हुए।

<><><><><><><>

धन्नीखाड़ी जंक्शन से मंगलूटान जंक्शन तक की सड़क कल से दस दिनों के लिए बंद की जा रही है। ग्रामीण सड़क की मरम्मत के साथ कल्वर्ट और सी सी नाला के निर्माण कार्य के चलते धन्नीखाड़ी जंक्शन से मंगलूटान जंक्शन तक की सड़क को अस्थाई रूप से बंद किया गया है।

<><><><><><><>

छोटे साहेबज़ादे बाबा ज़ोराबर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहीदी दिवस के अवसर पर पच्चीस दिसम्बर से गुरूद्वारा सिंह सभा मिनी बे में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पच्चीस दिसम्बर को सुबह सात बजे से निसान साहेब सेवा की शुरूआत होगी। सुबह आठ बजे अखंड पाठ की शुरूआत होगी, जो छब्बीस दिसम्बर तक चलेगी। सत्ताईस दिसम्बर को सुबह नौ बजे से भोग अखंड पाठ, कीर्तन और साहेबज़ादे की जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा। पच्चीस से सत्ताईस दिसम्बर तक गुरू का लंगर दिया जाएगा।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की तीन दिसम्बर से अट्ठारह दिसम्बर तक की स्थगित लिखित परीक्षा अब छः जनवरी से बीस जनवरी तक चलेगी। परीक्षा की सारणी कॉलेज के सूचना पट्ट पर

दर्शा दी गई है। इसके अलावा विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी परीक्षा की पुर्निर्धारित तिथि देख सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी कॉलेज के परीक्षा अनुभाग से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सौंवी जयंती के अवसर पर अटल फाउंडेशन की ओर से पच्चीस दिसम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जंगलीघाट स्थित खेतान कल्याण मंडपम में सुबह दस बजे से रक्तदान शिविर लगाया जाएगा।

<><><><><><><>